सान्ध्य हिन्दी दैनिक
जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 191 | जौनपुर, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## पंजीकरण के बाद मिलेगी पांच लाख की बीमा योजना : सीएम योगी

प्रयागराज। प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य ने लेटे हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री आज दिनभर महाकुम्भ नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे महाकुम्भ को ऐतिहासिक, दिव्य, भव्य, स्वच्छ, सुरक्षित और डिजिटल बनाने में योगदान देने वाले कर्मचारियों और संस्थाओं से मुलाकात करेंगे और उन्हें सम्मानित करेंगे। शाम को सीएम योगी पुलिसकर्मियों से भी संवाद करेंगे और सुरक्षित महाकुम्भ के लिए उनका आभार प्रकट करेंगे। इसके अलावा, कुम्भ की व्यवस्था में लगे अधिकारियों और मेला प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ भी उनकी बैठक प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह महाकुम्भ 2025 की औपचारिक पूर्णाहुति के लिए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ नगर के अरैल घाट पर सफाईकर्मियों के साथ मिलकर घाट की सफाई की और गंगा तट पर स्नानार्थियों द्वारा छोड़ी गए वस्त्र आदि को साफ करने में अपने मंत्रियों के साथ श्रमदान किया। जल में मौजूद छोड़े गए वस्त्रों को निकालकर महाकुम्भ के उपरांत पूरे मेला क्षेत्र की स्वच्छता के लिए अभियान का शुभारंभ किया। महाकुंभ के समापन के बाद उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत की। सीएम ने कहा, षपंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपये की बीमा योजना दी जाएगी।



नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा। महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। अप्रैल निगम गठित होगा। अप्रैल से कर्मचारियों के खाते में रुपये भी भेजे जाएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के क्ळच प्रशांत कुमार समेत प्रदेश कैबिनेट के मंत्रियों और अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया। सीएम योगी ने कहा कि वे कहीं और का वीडियो दिखाकर प्रयागराज को बदनाम कर रहे थे। उस रात एक दुखद घटना हुई, हम पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति रखते हैं, लेकिन विपक्ष काठमांडू के वीडियो का उपयोग करके और उसे प्रयागराज का बताकर भ्रम फैला रहा था – यही विपक्ष कर रहा था। लेकिन, भक्तों ने बड़ी संख्या में आकर उन्हें जवाब दिया, उन्होंने विपक्ष को स्पष्ट कर दिया कि वे विपक्ष के बहकावे में नहीं आएंगे और सनातन का झंडा कभी नीचे नहीं झुकेगा। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, ष्दुनिया में कहीं भी इतना बड़ा समागम नहीं हुआ। इसमें 66.30 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। कोई अपहरण, लूट या ऐसी कोई घटना नहीं हुई। विपक्ष दूरबीन और माइक्रोस्कोप का उपयोग करके भी ऐसी किसी घटना को उजागर नहीं कर सका। विपक्ष ने भ्रम फैलाने का कोई मौका नहीं छोड़ा। इतना बड़ा आयोजन उन्हें अच्छा नहीं लग रहा था। मौनी अमावस्या पर आठ करोड़ श्रद्धालु वहां थे, लेकिन विपक्ष लगातार भ्रम फैलाता रहा और असम्मान की भाषा का इस्तेमाल करता रहा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चार दिवसीय गुजरात यात्रा शुरू की

गुजरात, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अपने चार दिवसीय गुजरात दौरे के तहत नर्मदा जिले के एकता नगर पहुंचीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुजरात सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि मुर्मू शाम को वड़ोदरा हवाई अड्डे पर उतरीं, जहां गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और प्रदेश सरकार के मंत्री जगदीश विश्वकर्मा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह एकता नगर (केवड़िया) के लिए रवाना हुईं। सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित 182 मीटर ऊंचे स्मारक 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि 27 फरवरी को राष्ट्रपति केवड़िया में इस स्मारक और उससे सटे एकता कौशल विकास केंद्र का दौरा करेंगी। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बाद में वह अहमदाबाद में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान के 44वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। राष्ट्रपति 28 फरवरी को गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उस दिन वह कच्छ जिले के भुज में स्थित स्मृतिवन भूकंप स्मारक का भी दौरा करेंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अगले दिन (1 मार्च को) मुर्मू कच्छ में हड़प्पा युग के पुरातात्विक स्थल धोलावीरा का दौरा करेंगी, जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है।

### संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति धनखड़ पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति बीरभूम जिले में स्थित प्रतिष्ठित शक्तिपीठों में से एक तारापीठ जाएंगे। वह कोलकाता में गौड़ीय मिशन के संस्थापक आचार्य श्रील भक्ति सिद्धांत सरस्वती गोस्वामी प्रभुपाद की 150वीं जयंती के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले धनखड़ पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे। उपराष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद यह उनका पश्चिम बंगाल का पहला आधिकारिक दौरा होगा।

### असम व्यापार शिखर सम्मेलन में 4.78 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

असम, (एजेंसी)। असम सरकार को व्यापार शिखर सम्मेलन में कुल 4.80 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्य सचिव रवि कोटा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन' के समापन समारोह के दौरान राज्य सरकार और विभिन्न कंपनियों के बीच 2.75 लाख करोड़ रुपये के लगभग 270 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

कोटा ने कहा, ''हमें अबतक लगभग 4.78 लाख करोड़ रुपये के कुल निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसमें शीर्ष उद्योगपतियों के एमओयू और घोषणाएं शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि कुल आंकड़े में मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी जैसे उद्योगपतियों द्वारा की गई 1.25 लाख करोड़ रुपये और बुनियादी ढांचे के विकास में सरकारी कंपनियों की 78,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणाएं शामिल हैं।

## जीएसटी और सीमा शुल्क के मामलों में एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अग्रिम जमानत



का प्रावधान जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होता है। यानी, अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तब भी वह अग्रिम जमानत के लिए अदालत जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने पिछले साल 16 मई को इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुनाते हुए, सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि अग्रिम जमानत से जुड़े दंड प्रक्रिया संहिता और नए कानून श्भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताश के प्रावधान, जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होंगे। इस फैसले के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को जीएसटी या कस्टम कानून के तहत गिरफ्तारी का डर है, तो वह अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है, भले ही एफआईआर दर्ज न हुई हो। इस मामले में विस्तृत फैसला आना अभी बाकी है। यह याचिका 2018 में राधिका अग्रवाल नाम की महिला तरफ से दायर की गई थी।

## वक्फ बिल में 14 बदलावों को मोदी सरकार ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित वक्फ (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसमें संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा दिए गए सुझाव शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिल अब अगले संसद सत्र में पेश किया जाएगा, जो 10 मार्च से शुरू होगा। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने जेपीसी समीक्षा का नेतृत्व किया और 27 जनवरी को विधेयक को अनुमति देने से पहले इसमें 14 संशोधनों को अपनाया। समिति की 655 पेज की रिपोर्ट बाद में 13 फरवरी को दोनों संसद सदनों में पेश की गई। वक्फ संशोधन विधेयक को भारतीय बंदरगाह विधेयक के साथ मंजूरी दे दी गई और इसे शेष बजट सत्र के लिए सरकार की प्राथमिकता सूची में जोड़ा गया है। कुल 66 संशोधन पेश किए गए – 23 सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों द्वारा और 44 विपक्ष द्वारा। लेकिन विपक्षी संशोधनों को पार्टी आधार पर खारिज कर दिया गया क्योंकि समिति में भाजपा या उसके सहयोगियों के 16 सांसद और विपक्ष के 10 सांसद हैं। एक नया विवाद तब छिड़ गया जब विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि संसद में पेश की गई अंतिम जेपीसी रिपोर्ट से उनके



असहमति नोट के कुछ हिस्से हटा दिए गए हैं। सरकार ने जोर देकर कहा कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया, जेपीसी अध्यक्ष को समिति पर श्आक्षेपश लगाने वाले अनुभागों को हटाने का अधिकार था। लेकिन विपक्ष के दबाव में बाद में इस बात पर सहमति बनी कि असहमति नोट को उनके मूल स्वरूप में डाला जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 ने वक्फ अधिनियम, 1995 में बड़े बदलाव पेश किए, जो भारत में मुस्लिम धर्मार्थ संपत्तियों के प्रशासन को नियंत्रित करता है।

## केनरा बैंक अंचल कार्यालय, लखनऊ द्वारा डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू किया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। डिजिटल अरेस्ट के मुद्दे पर बढ़ती चिंताओं के जवाब में, केनरा बैंक सर्किल ऑफिस, लखनऊ ने डिजिटल धोखाधड़ी, खाता फ्रीज और अनधिकृत लेनदेन से संबंधित जोखिमों और समाधानों के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया। डिजिटल बैंकिंग को अपनाने में वृद्धि के साथ, कई ग्राहकों को सुरक्षा चिंताओं, धोखाधड़ी वाले लेनदेन और साइबर खतरों के कारण खाता अवरुद्ध होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस अभियान का उद्देश्य सभी के लिए निर्बाध और सुरक्षित बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना है।

इस पहल में शामिल होंगे

ग्राहकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए शाखाओं में जागरूकता कार्यक्रम।

डिजिटल लेनदेन के मुद्दों से संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिए ग्राहक सहायता सत्र।

खाता फ्रीज या लेनदेन होल्ड के मामलों को हल करने के लिए हेल्पलाइन सहायता।

डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के तरीके के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया आउटरीच।

इस पहल पर बोलते हुए केनरा बैंक के गैर कार्यकारी चेयरमैन विजय श्रीरंगन ने कहा, ष्हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग मुद्दों के कारण अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। यह अभियान उन्हें डिजिटल लेनदेन की बाधाओं को दूर करने के लिए ज्ञान और प्रत्यक्ष सहायता के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है।ष केनरा बैंक सभी ग्राहकों से सूचित रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने और अपने डिजिटल बैंकिंग अनुभव को सुरक्षित रखने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने का आग्रह करता है। अधिक जानकारी के लिए, ग्राहक अपनी निकटतम शाखा में जा सकते हैं या केनरा बैंक अंचल कार्यालय, लखनऊ से संपर्क कर सकते हैं। इसी कड़ी में अंचल प्रमुख महाप्रबंधक रंजीव कुमार ने डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता के लिए एक मोबाइल एल ई डी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो प्रदेश के सभी जिलों में जाकर सभी जन को डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूक करेगी।

इसी पहल में महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख केनरा बैंक लखनऊ रंजीव कुमार ने केनरा बैंक के सम्मानित अध्यक्ष का स्वागत किया, और उनसे ष्वॉकथानष कार्यक्रम का मार्गदर्शन करने और झंडी हरी झंडी दिखाने का अनुरोध किया ष इस कार्यक्रम में लखनऊ अंचल के उपमहाप्रबंधक संजय कुमार , के प्रदीप के साथ साथ सभी कार्यपालक और अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## महाकुंभ युग परिवर्तन की आहट इसने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया - पीएम मोदी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ को लेकर एक ब्लॉग लिखा। प्रधानमंत्री ने इस भव्य आयोजन को युग परिवर्तन की आहट करार दिया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने भारत की विकास यात्रा के नए अध्याय का संदेश दिया है और यह संदेश है श्विकसित भारतश का। उन्होंने इस आयोजन को एकता का महाकुंभ करार देते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग इस महाकुंभ में एक हो गए। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए देशवासियों की ओर से किए परिश्रम से अभीभूत पीएम मोदी सोमनाथ के दर्शन के लिए जाएंगे और हर भारतीय के लिए प्रार्थना करेंगे। पीएम मोदी ने अपने ब्लॉग में लिखा, श्महाकुंभ संपन्न हुआ। एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है! महाकुंभ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है। उन्होंने आगे लिखा, श्समाज के हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग इस महाकुंभ में एक हो गए। ये एक भारत–श्रेष्ठ भारत का चिर स्मरणीय दृश्य करोड़ों देशवासियों में आत्मविश्वास के साक्षात्कार का महापर्व बन गया। एकता के महाकुंभ को सफल बनाने के लिए देशवासियों के परिश्रम, उनके प्रयास, उनके संकल्प से अभीभूत मैं द्वादश ज्योतिर्लिंग में से प्रथम ज्योतिर्लिंग, श्री सोमनाथ के दर्शन करने जाऊंगा। मैं श्रद्धा रूपी संकल्प पुष्प को समर्पित करते हुए हर भारतीय के लिए प्रार्थना करूंगा। मैं कामना करूंगा कि देशवासियों में एकता की ये अविरल धारा, ऐसे ही बहती रहे। पीएम मोदी ने लिखा, श्महाकुंभ संपन्न हुआ। एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चौतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता है, जैसा हमने 13 जनवरी के बाद से प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में देखा। उन्होंने लिखा, श्22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैंने देवभक्ति से देशभक्ति की बात कही थी। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान सभी देवी–देवता जुटे, संत–महात्मा जुटे, बाल–वृद्ध जुटे, महिलाएं–युवा जुटे, और हमने देश की जागृत चेतना का साक्षात्कार किया। ये महाकुंभ एकता का महाकुंभ था, जहां 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ गई थी।

## राहुल गांधी का महाकुंभ नहीं जाना कांग्रेस को पड़ेगा भारी भाजपा ने कर ली पूरी तैयारी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 45 दिनों तक चल महाकुंभ का भव्य समापन हो चुका है। इस महाकुंभ में लगभग 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। इतना ही नहीं, देश–विदेश के कई बड़े राजनेता और नामचिन हस्ती भी महाकुंभ पहुंचे। खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम बड़े और छोटे भाजपा नेता महाकुंभ पहुंचे थे। इसके अलावा कांग्रेस के भी कई नेता महाकुंभ पहुंचे। हालांकि ,गांधी परिवार ने महाकुंभ से दूरी बनाई। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी इस बार महाकुंभ नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी महाकुंभ से दूर ही रहे। हालांकि ऐसा नहीं है कि गांधी परिवार की कुंभ से लगातार दूरी रही है। खुद सोनिया गांधी इससे पहले हुए कुंभ में आस्था के डुबकी लगा चुकी हैं। बावजूद इसके इस बार गांधी परिवार महाकुंभ से दूर रहा। अब भाजपा को कांग्रेस पर निशाना साधने का बड़ा मौका मिल गया है। हिंदुत्व की पिच पर खुली बैटिंग करने के लिए भाजपा अब कांग्रेस को निशाने पर ले रही है। इतना ही नहीं, बीजेपी के सहयोगी भी कांग्रेस को टारगेट कर रहे हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद को श्हिंदुत्ववादीश कहने पर राहुल गांधी और उनके सहयोगी दल उद्धव ठाकरे की आलोचना की। वहीं, कांग्रेस ने कहा कि कुंभ पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। शिंदे ने कहा, ष्वे खुद को हिंदुत्ववादी कहते हैं, लेकिन वे कुंभ में नहीं गए। उनकी कथनी और करनी में अंतर है। 65 करोड़ से ज्यादा लोग वहां गए, लेकिन वे नहीं गए।ष केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी गांधी और ठाकरे पर हमला करते हुए उन्हें श्गुमराह लोगश बताया। उन्होंने कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन का जिक्र करते हुए कहा कि ठाकरे अब (वीर) सावरकर के विरोधियों के साथ चल रहे हैं। कांग्रेस हिंदुत्व विचारधारा की आलोचक रही है। एक अन्य केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि दोनों नेताओं ने प्रयागराज में धार्मिक सभा में न जाकर हिंदू समुदाय का ष्अपमानष किया है

## बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे : ममता बनर्जी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस की विस्तारित संगठनात्मक बैठक गुरुवार हुई, जहां पार्टी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति का खाका तैयार किया गया। इस दौरान ममता बनर्जी ने भाजपा पर जमकर वार किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जब तक निर्वाचन आयोग निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। उन्होंने हुकांर भरते हुए कहा कि हम उन फर्जी मतदाताओं की पहचान करेंगे, जिन्हें भाजपा की मदद से पंजीकृत किया गया है। ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि हम बाहरी लोगों को बंगाल पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने हरियाणा, गुजरात के नकली मतदाताओं का नामांकन कराकर दिल्ली और महाराष्ट्र में चुनाव जीते। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो हम मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं को हटाने की मांग को लेकर निर्वाचन आयोग कार्यालय के समक्ष धरना देंगे। एक अन्य घटनाक्रम में, टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के साथ उनके मतभेद हैं, और उनके प्रति अपनी वफादारी की पुष्टि की। उन्होंने कोलकाता में एक पार्टी सम्मेलन में कहा, श्मैं टीएमसी का एक वफादार सिपाही हूं और मेरी नेता ममता बनर्जी हैं।श उन्होंने भाजपा में शामिल होने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, ष्जो लोग कह रहे हैं कि मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं, वे अफवाह फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं उन लोगों को जानता हूं जो ऐसी फर्जी खबरें फैला रहे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उनके निहित स्वार्थ हैं। डायमंड हार्बर सांसद ने यह भी कहा कि वह ष्पार्टी के भीतर गद्दारों को बेनकाब करना जारी रखेंगे।

## संपादकीय

# सेहत का पर्व

जब कहा जाता है कि भारत पर्व व त्योहारों का देश है, तो उसकी ठोस वजह है। जब मौसम व प्रकृति अपना रूप बदल रहे होते हैं तो इनके संधिकाल पर ये पर्व–त्योहार दस्तक देते हैं। हमें सचेत कर रहे होते हैं कि बदलते मौसम के अनुरूप अपना खान–पान, रहन–सहन और विचार–वाणी बदलिए। अध्यात्म हमें वास्तव में मानवीय बनने की प्रेरणा देता है ताकि हम आत्मकेंद्रित होने के बजाय प्रकृति, समाज, कुदरत की रचनाओं, वंचितों व जरूरतमंदों की भी फिक्र करें। शिवमय हुए देश में पर्व के मर्म को महसूस किया जा सकता है। सूर्योदय के साथ दैनिक कर्मों से निवृत्त लोग आस्थास्थलों की तरफ उमड़ते देखे जाते हैं। सूर्य के उगने से पहले उठना अपने आप में सेहत की कुंजी है। शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी–लंबी कतारें हममें धैर्य भर देती हैं, जो बताता है कि यदि हम नियम व कायदे के अनुरूप अपनी आस्था की अभिव्यक्ति करें तो तीर्थस्थल भगदड़ की त्रासदियों से सदा–सदा के लिए मुक्त हो सकते हैं। दरअसल, चाहे हमारे तीर्थ हों या देवालय, हमारे पूर्वजों ने उन्हें प्रकृति की सुषमा और जल स्रोतों के करीब बनाया है। जहां हम दैनिक जीवन की एकरसता से मुक्त होकर प्रकृति के सान्निध्य में सुकून महसूस कर सकें। हमारे बड़े तीर्थों के दुर्गम व पहाड़ी इलाकों में स्थित होने का अर्थ भी यही है कि हम शरीर को गतिशील बनाएं। हम पसीना बहाएं, जो अपने साथ शरीर के विजातीय द्रव्यों को बाहर निकालकर हमें स्वस्थ बनाता है। सही मायनों में हमारे पर्व–त्योहार समाज के लिए सेफ्टी–वॉल का काम ही करते हैं, भागमभाग के तनाव से मुक्त करते हैं। दफ्तर–परिवार में ऊंच–नीच से उपजी असहज स्थितियों से मुक्त होने का अवसर ये पर्व देते हैं। दरअसल, समय के साथ जीवनशैली में आए बदलावों संग न केवल हमारा व्यवहार कृत्रिम हुआ है बल्कि हमारा खानपान भी अपना मूल स्वरूप खो चुका है। ऐसे में ये पर्व हमें जीवन की वास्तविकता से रूबरू कराते हैं। कहने को तो हमारे पर्व–त्योहार आस्था व आध्यात्मिक व्यवहार से जुड़े हैं, लेकिन सही मायनों में वे हमारे स्वास्थ्य का संवर्धन कर रहे होते हैं। शिवरात्रि के व्रत में हम बेर आदि उन फलों का सेवन करते हैं, जो बदलते मौसम में हमारी शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। तमाम लोग मंदिरों के बाहर दूध व फल आदि के लंगर लगाते हैंय जिससे दान देने वाले तो सेवाभाव से अभिभूत होते ही हैं, साथ ही श्रद्धालुओं के साथ ही तमाम गरीबों, जरूरतमंदों व भूखों को भी इससे लाभ मिलता है। ये पर्व हमारी आर्थिकी के लिए भी उत्प्रेरक तत्व हैं। फलों व पर्व से जुड़े सामान की बिक्री खूब होती है। उन लाखों लोगों को आर्थिक लाभ व रोजगार मिलता है, जो धार्मिक स्थलों के बाहर सड़कों पर दुकान लगा रहे होते हैं। इन धार्मिक स्थलों में पहुंचे श्रद्धालुओं में आस्था के चलते सहजता, सरलता, परोपकार आदि मानवीय गुणों की अभिव्यक्ति होती है। जो हममें सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। मंदिर व पूजा–पाठ से जीविका चलाने वालों की आर्थिकी इन पर्वों से समृद्ध होती है। वहीं पर्व–व्रत के धार्मिक–आध्यात्मिक पक्ष के इतर समाज–कल्याण व सेहत से जुड़ा पक्ष भी सशक्त है। सबसे महत्वपूर्ण तो व्रत है। व्रत का एक संपूर्ण विज्ञान है। विडंबना यह है कि हम अपने आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा जैसे सर्वसिद्ध ज्ञान को गंभीरता से नहीं लेते।

# अधिसंख्य आबादी तक पहुंचे सस्ती दवाइयां

डॉ. शशांक

पिछले काफी समय से जेनेरिक या ब्रांडेड दवाओं पर बहस छिड़ी है। पिछले साल नेशनल मेडिकल कमीशन ने एक नियम लागू किया था। इसमें कहा गया था कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं भी लिखनी होंगी। नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएमसी के इस फैसले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस नियम पर सवाल खड़े किए थे। कई डॉक्टर एसोसिएशन ने भी नए कानून का विरोध कर इसको वापस लेने की मांग की थी। तर्क यह दिया गया था कि ब्रांडेड दवा न लिखने से मरीजों को नुकसान हो सकता है। विरोध के बाद एनएमसी ने अपना फैसला वापस ले लिया था। सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी कर रही है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की। इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जेनेरिक दवाओं के चलन से बड़ी फार्मा कंपनियों को सीधे नुकसान होगा। आमतौर पर सभी दवाओं में एक तरह का 'केमिकल सॉल्ट' होता हैं। इन्हें शोध के बाद अलग–अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे दर्द और बुखार में काम आने वाले पैरासिटामोल सॉल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड (जैसे क्रोसिन) के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड की तुलना में 10 से 20 गुना तक सस्ती होती हैं। दरअसल, फार्मा कंपनियां ब्रांडेड दवाइयों की रिसर्च, पेटेंट और विज्ञापन पर काफी पैसा खर्च करती हैं। जबकि जेनेरिक दवाइयों की कीमत सरकार तय करती है और इसके प्रचार–प्रसार पर ज्यादा खर्च भी नहीं होता। कई जानलेवा बीमारियां जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी–बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग–अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। जैसे एचआईवी की दवा टेनोफिविर या एफाविरेज की ब्रांडेड दवा का खर्च 2,500 डॉलर यानी करीब 1 लाख 75 हजार रुपये है, जबकि जेनेरिक दवा में यही खर्च 12 डॉलर यानी महज 840 रुपये महीने तक हो सकता है। हालांकि, इन बीमारियों का इलाज ज्यादातर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में होता है। ऐसे में ये दवाएं इन अस्पतालों में या वहां के केमिस्ट के पास ही मिल पाती हैं। देश में फार्मा इंडस्ट्री 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की है और इसकी सालाना ग्रोथ 11 प्रतिशत है। देश में सालाना करीब 1.27 लाख करोड़ की दवाएं बेची जाती हैं, इसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा जेनेरिक दवाओं का है। भारत जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। दुनियाभर की डिमांड की 20 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। अमेरिका में 40 प्रतिशत और यूके में 25 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। 2018–19 में देश से 1,920 करोड़ डॉलर की दवाइयां एक्सपोर्ट की गईं। दुनियाभर में कुल वैक्सीन डिमांड का 50 प्रतिशत भारत से सप्लाई होता है।



इनके अलावा दक्षिण अफ्रीका, रूस, ब्राजील, नाइजीरिया और जर्मनी में भी भारतीय दवाएं एक्सपोर्ट की गईं। एक अनुमान के मुताबिक, किसी भी मरीज के इलाज के दौरान होने वाले खर्च का 70 प्रतिशत अकेले दवाओं पर खर्च हो जाता है। सरकार ने पिछले महीने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया कि इलाज और दवा पर होने वाले खर्च की वजह से देश में हर साल 3 करोड़ 8 लाख लोग गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। फिलहाल सरकार की आयुष्मान भारत योजना से निरूशुल्क इलाज और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से सस्ती जेनेरिक दवाओं का मिलना लोगों के लिए राहत की बात है। आयुष्मान भारत योजना का दायरा देश की अधिसंख्य आबादी तक बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य लोगों को ब्रांडेड महंगी दवाइयों के स्थान पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करना है। सरकार के प्रयास के बावजूद अभी भी देश में बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाओं का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। समय आ गया है कि सामुदायिक स्तर पर जेनेरिक दवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। देश में बढ़ती महंगाई के दौर में लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक दवाइयों के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। ऐसे में समय आ गया है कि सभी को जेनेरिक दवाओं के माध्यम से सस्ती दवाएं मुहैया कराइ जाएं।

# अमेरिकी नीतियों से यूरोपीय बेचौनी की तार्किकता

मनीष

इस महीने की शुरुआत में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के 61वें संस्करण में अमेरिका के नव–नियुक्त उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस द्वारा यूरोपियनों को लगाई मौखिक फटकार से यदि उन्हें सदमा न भी लगा हो तो भी हक्के–बक्के तो हुए ही हैं। वेंस ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति यूरोपीय लोगों की मौलिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया, जिसको लेकर उनका तर्क था कि यह अमेरिका–यूरोपीय सहयोग तंत्र की नींव है। भाषण खत्म होते–होते होटल बेयरिशर हॉफ के सम्मेलन कक्ष के फर्श पर यूरोपियन रणनीतिक सिराज बिखर चुका था। यूरोप में चल रहे वर्तमान खेल के बारे में वेंस द्वारा की गई कटु आलोचना पर यूरोप के कुछ नेताओं ने तगड़ी असहमति जताई। सवाल है कि यूरोपीय लोग हक्के–बक्के क्यों हुए, तो इसके लिए यूरोप के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यवहार के पिछले सौ सालों का इतिहास को बांचना पड़ेगा, जो बताता है कि अमेरिका ने सदा अपने 'निज हित' में काम किया है, जिसे वह अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहे 'अमेरिकी अपवाद–वाद' के रूप में वर्णित करता है।

प्रथम विश्व युद्ध 28 जुलाई, 1914 को शुरू हुआ था, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रो–हंगेरियन साम्राज्य के युवराज आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की हत्या से हुई थी, जो एक बोस्नियाई सर्ब व्यक्ति द्वारा की गई थी। हालांकि, यह एक यूरोपीय युद्ध था, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का ट्रिपल एंटेंटे नामक गठजोड़ ऑस्ट्रिया–हंगरी, जर्मनी और इटली वाले ट्रिपल एलायंस से लड़ा, और पहले वाले गुट ने अमेरिकियों को अपना साथ देने का अनुरोध किया। जैक सोनियन विचारधारा वाले सीनेटरों द्वारा अड़ंगा लगाने से राष्ट्रपति वुडरो विल्सन के नेतृत्व वाले संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसे यूरोपीय राजशाहियों के बीच युद्ध मानकर पहले इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। लेकिन इसके केवल ढाई साल बाद, 7 अप्रैल, 1917 को, संयुक्त राज्य अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी, क्योंकि जर्मनों ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में अपने अप्रतिबंधित पनडुब्बी युद्ध का दायरा बढ़ा दिया, जिससे अमेरिकियों को भारी जानी–माली नुकसान हो रहा था।

इसमें एक अतिरिक्त उत्प्रेरक रहा, तत्कालीन जर्मन विदेश मंत्री आर्थर जिमरमैन द्वारा प्रेषित एक संदेश, जिसे बाद में कुख्यात 'जिमरमैन टेलीग्राम' का नाम मिला। इसमें मैक्सिकन सरकार से वादा किया गया कि जर्मनी मैक्सिको को वह क्षेत्र वापस पाने में मदद करेगा, जो वह 1846–1848 के मैक्सिकन–अमेरिकी युद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका को हार चुका था। इस सहायता के बदले में, जर्मनी ने युद्ध में मैक्सिको का समर्थन मांगा। यह कहना राष्ट्रपति जेम्स मोनरो और उनके विदेश मंत्री जॉन क्विंसी एडम्स द्वारा परिकल्पित उस 'मोनरो सिद्धांत' से सीधा टकराव था, जिसे 2 दिसंबर, 1823 को अमेरिकी संसद को मोनरो के संबोधन के दौरान व्यक्त किया गया था। इसमें कहा गया कि पश्चिमी गोलार्ध का इलाका, खासकर अमेरिकी महाद्वीप की तरफ, संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र है और यूरोपियनों को हमारे इस विशेषाधिकार वाले क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। इस प्रकार, जब केवल अपने हितों पर खतरा बनता देखा, तभी संयुक्त राज्य अमेरिका यूरोपीय युद्ध में दाखिल हुआ।

## ..........स्वास्थ्य..........

# क्या हाई ब्लड प्रेशर से दिमाग में खून के थक्के बन सकते हैं?



हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) दिमाग में खून के थक्के बनने के जोखिम को बढ़ा सकता है। यह रक्त वाहिकाओं की दीवारों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे उनमें थक्का बनने की संभावना बढ़ जाती है। यदि खून का थक्का दिमाग में किसी रक्त वाहिका में फंस जाए, तो इससे रक्त संचार में रुकावट आती है, जो स्ट्रोक का कारण बन सकता है। यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, और इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है।

कैसे होता है ब्रेन हेमरेज?

हाई ब्लड प्रेशर की वजह से दिमाग की नसों की दीवारों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। इस कारण रक्त वाहिकाएं संकीर्ण, सख्त हो जाती हैं और इनमें प्लाक जमा होने लगता है। यह थक्के बनने की आदर्श स्थिति तैयार करता है। जब इन संकुचित नसों में खून का थक्का बनता है, तो यह दिमाग में रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकता है, जिससे इस्केमिक स्ट्रोक हो सकता है।

ब्लीडिंग स्ट्रोक का खतरा

गंभीर मामलों में, उच्च रक्तचाप मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं को कमजोर कर सकता है, जिससे वे फट सकती हैं और रक्तस्रावी स्ट्रोक हो सकता है। यह स्थिति बहुत खतरनाक हो सकती है और जीवन के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती है।

कोलेस्ट्रॉल और हाई बीपी का असर

हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर का बढ़ना दिमाग पर प्रत्यक्ष प्रभाव डाल सकता है। बढ़ता हुआ दबाव दिमाग की रक्त वाहिकाओं पर असर डालता है और इससे ब्रेन हेमरेज का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, बढ़ती उम्र के साथ डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी समस्याएं भी दिमाग से जुड़ी समस्याओं के रूप में सामने आ सकती हैं। खराब जीवनशैली और खानपान के कारण हाई बीपी की समस्या बढ़ सकती है, जो दिमाग पर दबाव डालती है।

ब्रेन हेमरेज का खतरा और हाई बीपी

हाई बीपी के कारण ब्रेन हेमरेज का खतरा बढ़ता है, और इससे व्यक्ति की जान को भी खतरा हो सकता है। ब्रेन हेमरेज के दौरान दिमाग में खून बहने लगता है, जो स्ट्रोक के समान होता है। हाई बीपी से रक्त वाहिकाएं कमजोर हो सकती हैं, जिससे उनका फटना और खून का रिसाव हो सकता है।

हाई बीपी के प्रभाव

एक आंकड़े के मुताबिक, 95 प्रतिशत ब्रेन हेमरेज के मामले हाई ब्लड प्रेशर के कारण होते हैं। इसलिए नियमित रूप से बीपी की जांच कराना बहुत जरूरी है ताकि यह खतरनाक स्तर तक न पहुंच जाए। खासकर उन लोगों को ध्यान रखना चाहिए जिनकी उम्र 40 साल से अधिक हो। यदि बीपी के साथ–साथ कोलेस्ट्रॉल और शुगर का स्तर भी बढ़ जाए, तो यह स्थिति और भी जोखिमपूर्ण हो सकती है।

हाई ब्लड प्रेशर को नजरअंदाज करना बहुत खतरनाक हो सकता है। यह दिमाग के रक्त वाहिकाओं पर असर डालता है, जिससे थक्के, स्ट्रोक और ब्रेन हेमरेज जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसीलिए, हाई बीपी के मरीजों को समय–समय पर अपनी सेहत की जांच करवानी चाहिए और डॉक्टर की सलाह से इलाज करना चाहिए।

# टैनिंग से मुरझाए चेहरे को चमकाएं इन 5 डी टैन फेस पैक्स से

आजकल की धूप, प्रदूषण और तनाव की वजह से चेहरे पर टैनिंग होना आम समस्या बन गई है। टैनिंग के कारण त्वचा का रंग बदल जाता है और वह मुरझाई हुई, थकी–थकी सी दिखने लगती है। लेकिन, चिंता की कोई बात नहीं! हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे 5 डी टैन पेस पैक्स जिनसे आपकी त्वचा फिर से चमकदार और निखरी हुई दिखेगी।

दही और हल्दी का पैक

दही और हल्दी का मिश्रण एक बेहतरीन डी टैन पैक है। दही त्वचा को नमी देता है, जबकि हल्दी में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो टैनिंग को कम करने में मदद करते हैं। इसे बनाने के लिए

1 चम्मच दही

1 चुटकी हल्दी इन दोनों को अच्छे से मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। 15–20 मिनट तक इसे चेहरे पर लगे रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

टमाटर और शहद का पैक

टमाटर में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं जो त्वचा की टैनिंग को हल्का करने में मदद करते हैं। शहद त्वचा को नरम और मुलायम बनाता है।

1 टमाटर का रस

1 चम्मच शहद इन्हें अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। यह पैक त्वचा को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाएगा।

एलोवेरा और नींबू का पैक

एलोवेरा और नींबू दोनों ही त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एलोवेरा से त्वचा को ठंडक मिलती है और नींबू त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।

1 चम्मच एलोवेरा जेल

1/2 चम्मच नींबू का रस इन्हें अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरे को धो लें।

चंदन और गुलाब जल का पैक

चंदन त्वचा के लिए बहुत अच्छा होता है। यह त्वचा को ठंडक पहुंचाता है और टैनिंग को हल्का करने में मदद करता है। गुलाब जल त्वचा को टोन करता है और उसे ताजगी देता है।

1 चम्मच चंदन पाउडर

1 चम्मच गुलाब जल इन दोनों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाकर 15–20 मिनट तक रखें। फिर चेहरे को धो लें।

ओट्स और दही का पैक

ओट्स त्वचा के एक्सफोलिएट के रूप में काम करते हैं, जो मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद करते हैं। दही त्वचा को हाइड्रेट करता है।

2 चम्मच ओट्स

1 चम्मच दही इन्हें मिक्स करके चेहरे पर अच्छे से लगाएं और 15 मिनट बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें।



# तेजी से टूटने लगेंगे बाल, अगर कॉम्ब करते समय करेंगी ये गलतियां

बालों की देखभाल करना हर महिला की प्राथमिकता होती है, क्योंकि बाल न केवल हमारी सुंदरता का हिस्सा होते हैं, बल्कि हमारी सेहत और पर्सनल केयर का भी एक अहम हिस्सा होते हैं। लेकिन बालों का टूटना एक आम समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। बालों के टूटने का एक कारण गलत तरीके से बालों को कंघी करना भी हो सकता है। सही तरीका जानने से आप बालों को टूटने से बचा सकती हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं कि बालों को कंघी करते समय कौन सी गलतियां नहीं करनी चाहिए, ताकि आपके बाल सुरक्षित रहें और टूटने से बचें।

गीले बालों को कभी भी रफली न कंघी करें

सबसे पहली और सबसे बड़ी गलती गीले बालों को कंघी करने की होती है। गीले बालों की स्ट्रैंड्स काफी नाजुक होती हैं और इस समय अगर आप उन पर ज्यादा जोर डालती हैं, तो बालों का टूटना स्वाभाविक है। जब बाल गीले होते हैं, तो वे अपनी प्राकृतिक बनावट से अधिक लचीले होते हैं, जिससे कंघी करने पर आसानी से टूट जाते हैं। गीले बालों को कंघी करने से पहले उन्हें हल्का सूखने दें या फिर तौलिए से थपथपाकर अतिरिक्त पानी निकाल लें। फिर, बालों को धीरे–धीरे और हल्के हाथों से कंघी करें।

कंघी को बहुत जोर से खींचना

अक्सर हम जब कंघी करते हैं तो उसे बहुत जोर से खींचते हैं ताकि बाल सीधी हो जाएं, लेकिन यह बालों को नुकसान पहुंचाता है। कंघी के ज्यादा जोर लगाने से बालों की जड़ें कमजोर हो सकती हैं और बाल टूट सकते हैं। साथ ही, यह बालों के टूटने के साथ–साथ सिर में दर्द का कारण भी बन सकता है। कंघी को हल्के हाथों से बालों के ऊपर चलाएं और ध्यान रखें कि बालों में कोई गट्ठा न हो। अगर बाल उलझे हुए हैं तो पहले हाथों से बालों को सुलझाएं और फिर कंघी करें।

गलत प्रकार की कंघी का चयन

बालों के प्रकार के अनुसार कंघी का चयन करना भी जरूरी है। यदि आप कड़े और मोटे दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करती हैं, तो यह आपके बालों को बिना किसी नुकसान के कंघी करने में मदद कर सकती है। वहीं, अगर आपके पास महीन और पतले दांतों वाली कंघी है, तो यह आपके बालों को नुकसान पहुंचा सकती है। यह कंघी बालों में उलझन डाल सकती है और बाल टूटने का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आपके बाल लंबे हैं या घने हैं, तो मोटे दांतों वाली कंघी का इस्तेमाल करें। वहीं, अगर आपके बाल पतले हैं, तो महीन दांतों वाली कंघी का प्रयोग करें।

बालों को बार–बार कंघी करना

कभी–कभी हम बालों को बार–बार कंघी करने की गलती करती हैं। जब आप बार–बार बालों को कंघी करती हैं, तो इससे बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं, जिससे बाल टूटने का खतरा बढ़ जाता है। बालों को दिन में 2 से 3 बार से ज्यादा कंघी न करें। बालों को कंघी करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आपके बालों में कोई गट्ठा न हो और कंघी करने से बाल आसानी से सुलझ जाएं।

बालों के उलझने पर जोर से खींचना

बालों का उलझना एक आम समस्या है, लेकिन अगर आप उलझे हुए बालों को कंघी करने के लिए ज्यादा जोर लगाती हैं, तो यह बालों के टूटने की वजह बन सकता है। उलझे हुए बालों को कंघी करते वक्त कभी भी ज्यादा बल नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि इससे बालों की जड़ें कमजोर हो सकती हैं और बाल आसानी से टूट सकते हैं। उलझे हुए बालों को हल्के हाथों से सुलझाएं। आप बालों को आर्गेनिक हेयर ऑयल या कंडीशनर से सुलझाने का प्रयास कर सकती हैं, ताकि कंघी करते समय बाल टूटने से बचें।

गंदे बालों को कंघी करना

यह समझना जरूरी है कि अगर आपके बाल गंदे हैं, तो उन्हें कंघी करना बालों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। गंदे बालों में तेल, धूल और अन्य प्रदूषक तत्वों का जमाव हो सकता है, जिससे कंघी करने पर बाल कमजोर हो सकते हैं और टूट सकते हैं। हमेशा साफ बालों को कंघी करें। अगर आप लंबे समय तक बालों को बिना धोए रखती हैं, तो बालों में अधिक गंदगी और तेल जमा हो सकता है, जिससे बाल टूटने का खतरा बढ़ जाता है।

खराब श्क्वॉलटि की कंघी का उपयोग

खराब श्क्वॉलटि की कंघी का उपयोग करने से बालों में खिंचाव आ सकता है, जिससे बाल टूटने की संभावना बढ़ जाती है। प्लास्टिक कंघी या उन कंघियों का इस्तेमाल करें जो बालों के लिए मुलायम और सुरक्षित हों। कंघी का चयन करते वक्त उसकी गुणवत्ता पर ध्यान दें। लकड़ी या सिलिकॉन कंघी का उपयोग बालों के लिए बेहतर रहता है, क्योंकि ये बालों को नुकसान नहीं पहुंचातीं।

बालों के ताजे शेप के बाद कंघी न करना

अगर आप बालों को सैलून से ताजे शेप में कटवाकर आई हैं, तो कोशिश करें कि उस दिन बालों को कंघी न करें। बालों को शेप में कटवाने के बाद उन्हें कुछ समय आराम देने देना चाहिए। कंघी करने से बालों का शेप बिगड़ सकता है और बाल टूटने की संभावना बढ़ सकती है। बालों को कंघी करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वे ठीक से सुख जाएं और शेप परिपूर्ण हो।

बालों की देखभाल में कंघी करना एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसे सही तरीके से करना जरूरी है। गीले बालों को रफली कंघी करने, कंघी को ज्यादा जोर से खींचने, गलत कंघी का उपयोग करने या बालों को बार–बार कंघी करने से बालों की सेहत पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इन छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखकर आप बालों को टूटने से बचा सकती हैं और उन्हें लंबा, घना और सुंदर बना सकती हैं।

# अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन पर भड़के साधु ने पीएसी जवान पर किया त्रिशूल से हमला,पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या ।अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन पर सुरक्षा कर्मियों की ओर से रोक–टोक किये जाने पर एक साधु भड़क गया। भड़के साधू ने त्रिशूल से बरेली से ड्यूटी करने आए पीएसी जवान को घायल कर दिया। साथी कर्मियों ने आरोपी साधु को पकड़ पुलिस के हवाले किया है ।बताया गया कि पीएसी आठ बटालियन बरेली के जवान दीपक कुमार (28) पुत्र बीजेंद्र सिंह की अन्य पीएसी कर्मियों के साथ प्रयागराज कुंभ से अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर अयोध्या धाम रेलवे जंक्शन पर ड्यूटी लगाई गई थी। साथी जवान जयंत का कहना है कि हम लोग प्लेटफार्म नंबर दो पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान देखा कि हाथ में त्रिशूल लिए एक अधेड़ साधु अपनी हरकतों से श्रद्धालु यात्रियों को परेशान कर रहा है ।जिसको लेकर दीपक कुमार से साधू को शांत रहने अथवा मौके से हट जाने को कहा तो साधु विवाद पर उतर आया। दीपक ने उसको पकड़ने की कोशिश की तो साधु ने उनके पेट पर त्रिशूल से हमलाकर दिया, जिसके कारण दीपक घायल हो गया ।साधु ने एक ट्रेन में चढ़कर फरार होने की कोशिश की लेकिन अन्य सुरक्षाकर्मियों की मदद से उसे पकड़ जीआरपी के हवाले कर दिया गया। घायल पीएसी जवान दीपक को जिला अस्पताल से दर्शननगर मेडिकल कालेज रेफर किया गया था, जहां जांच और उपचार के बाद उसको छुट्टी दे दी गई। जीआरपी अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक समर सिंह ने बताया कि साधु को काबू करने की कोशिश में त्रिशूल लगने से पीएसी जवान घायल हुआ है ।पुलिस ने आरोपी साधु सुनील चौधरी पुत्र सीताराम निवासी मदिया चौधरी पारा थाना इंग्लिश बाजार जिला मालदा, पश्चिम बंगाल का शांति भंग में चालान किया है।

# बकाया वसूली के लिए नगर निगम ने कोऑपरेटिव बैंक क्षेत्र मंदिर पर मारा छापा

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या ।शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन ने टैक्स वसूली को लेकर अभियान जारी रखा ।नगर निगम ने सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे की अगुवाई में नगर क्षेत्र के झारखंडी स्थित कोऑपरेटिव बैंक पर छापा मारा ।बैंक पर पौने चार लाख रुपये टैक्स बकाया है ।बैंक ने टैक्स जमा करने के लिए मोहलत मांगी है ।इसके अलावा कनक चित्र मंदिर चौक पर टीम में छापा मारा यहां 4.15 लाख रुपये टैक्स बकाया था, जिसमें से दो लाख रुपये तुरंत जमा कराए गए ।टैक्स वसूली करने वाली टीम में सौरभ नाथ, विविध कर अधीक्षक जयप्रकाश भी शामिल थे ।इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे ने बताया कि प्रतिष्ठान पर गृहकर एवं जलकर के रूप में 38 लाख रुपये टैक्स बकाया था ।अलका राजे होटल ने 15 लाख रुपये टैक्स तत्काल जमा किया। शेष टैक्स जमा करने के लिए मार्च तक समय मांगा है ।नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने छोटे– बड़े सभी बकायेदारों से अपील किया है कि वह ऑनलाइन, चेक, अथवा कार्यालय आकर अपना बकाया जमा कर दें, ताकि उन्हें ब्याज न देना पड़े।

# सूटकेस में मिला महिला का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस। क्षेत्र में सनसनी

दैनिक देश की उपासना

पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा। जौनपुर। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के जेसीज चौराहे के पास कमला हॉस्पिटल के सामने झाड़ियों में एक सूटकेस में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मामले की



जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई तभी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर करीब 2 बजे स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे पड़े एक बंद सूटकेस से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने सूटकेस खोला तो उसमें एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। पुलिस शव की शिनाख्त में जुट गई है और आस पास के लोगों से पूछताछ कर रही है। शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस तफ्तीश में जुट गई है।

# 4 मार्च को होगा रोजगार मेले का आयोजन

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या ।क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कॅरियर सेंटर, अयोध्या द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2025 को प्रातः 10 बजे से झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट ,अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियां यथा ब्राइट पयूचर, शिवशक्ति एग्रीटेक लि0, भारत इलेक्ट्रानिक्स लि0, यूनाइटेड यंग्स इण्डिया, सिस्का इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेन्ट, यूनीवर्सल सोम्पो इंश्योरेन्स, एस0बी0आई0 लाइफ एवं पुखराज हेल्थ केयर इत्यादि प्रतिभाग करेंगी। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक एवं आई0टी0आई0 प्रतिभाग कर सकते है ।अभ्यर्थियों का सेवायोजन विभाग के पोर्टल तवरहंतंदहंउ. नच.हवअ.पद (रोजगार मेला आई0डी0–2419) दबे.हवअ.पद पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं ।रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक में झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, परिसर, अयोध्या में उपस्थित हों। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे भी इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं ।इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है।

# श्री माँ आद्या शक्ति दक्षिणा काली मन्दिर का 41 वॉ वार्षिकोत्सव संपन्न



ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर नगर के सिटी स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग के निकट ओवर ब्रिज के समीप स्थित श्री मां आद्याशक्ति दक्षिणा काली मन्दिर का 41 वां वार्षिक दो दिवसीय स्थापना दिवस एवं भव्य श्रंगारोत्सव गुरुवार को सायंकाल बड़े धूम–धाम से विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मां काली का भव्य श्रंगार एवं मंदिर को फूल–मालाओं से सजाया गया। जिसमें मां का रुप अलौकिक दिखाई दे रहा था। मां काली के दर्शन हेतु सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों को ताता लगा रहा। सांय मन्दिर पर हवन पूजन एवं पूर्णाहूति में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर के प्रबन्धक– पुजारी भगवती सिंह वागीश ने बताया कि काली कलयुग की अधिष्ठाती पराशक्ति है। कलयुग में मां काली श्रृंगार पर दर्शन –पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस मंदिर की स्थापना सन् 1984 महाशिवरात्रि के दिन किया गया था। दक्षिणा काली मन्दिर पर आये हुये सैकड़ो लोगों ने भण्डारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। सांयकाल भजन संध्या का शुभारम्भ मंदिर के पुजारी भगवती सिंह व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन डॉ. क्षितिज शर्मा व सपा के जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया और बैंक महाप्रबंधक विजेंद्र सिंह, वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ, सपा नेता अजय त्रिपाठी व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ उत्तम गुप्ता ने सभी गायक कलाकारों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया।

भजन संध्या में मुंबई से आई प्रसिद्ध गायिका अलका झा ने जय काली जय काली कलकत्ते वाली तोरे धमवा में बलमा मोर हरेलइल एव बम बम बोल रहा है काशी गीत गाकर लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। एक्टर व गायक जितेंद्र झा ने एक से एक देवी गाकर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया और लोगों को खूब नचाया गायक आशीष पाठक अमृत व अभिषेक मयंक, के गीतों पर दर्शक खूब झूमे और राजकुमार सिकंदर जौनपुरिया द्वारा कृष्ण – सुदामा की झांकी देख दर्शक भाव विभोर हो गए। गहना कोठी फर्म द्वारा काली मंदिर पर आये हुए सभी श्रद्धालुओं को बुनिया का प्रसाद वितरण किया गया।

इस मौके पर डॉ बृजेश कनौजिया, भाजपा जिला महामंत्री पियूष गुप्ता, ब्रह्मेश शुक्ला संतोष सिंह,संतोष त्रिपाठी, सोमेश्वर,डॉ उत्तम गुप्ता, डॉ संजीव पांडे,डॉ विकाश सिंह,डॉ पीयूष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश जायसवाल, अभिनव मिश्रा एडवोकेट, संकठा प्रसाद पांडेय प्रत्रकार संजय अस्थाना, दीपक उपाध्याय, सुधाकर शुक्ला, शुभांशु जायसवाल, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ,भानू मौर्य, दल श्रृंगार विश्वकर्मा,अमित निगम,विक्रम गुप्ता, जयप्रकाश चतुर्वेदी,व रामपाल विश्वकर्मा उपस्थित रहें ।कार्यक्रम का मोहित उपाध्याय ने किया। आये हुए लोगों का स्वागत सर्वेश सिंह सोनू व आभार वन्देश कुमार सिंह ने वक्त किया।

# वंचितों की सेवा के लिए एनएसएस संकल्पित – प्रो. राज बहादुर

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



जौनपुर। मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का आयोजन डॉ. अबू मोहम्मद आई.टी. आई. परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व समन्वयक प्रो. राकेश यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. राज बहादुर यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के प्रो. डॉ. दिग्विजय सिंह मौजूद रहे। सेवा, जागरूकता और शिक्षा का संगम कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने अपने स्वागत संबोधन में कहा,

ष्राष्ट्रीय सेवा योजना सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि प्रो. राज बहादुर यादव ने कहा,ष्एनएसएस का उद्देश्य समाज के असहाय, वंचित और गरीब तबके की सेवा करना है। युवा शक्ति ही विकसित भारत की आधारशिला है, और एनएसएस इसी दिशा में अपना अमूल्य योगदान दे रही है विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. दिग्विजय सिंह ने साइबर क्राइम जैसी वैश्विक समस्या पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को इस विषय पर अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. राकेश यादव ने बालिकाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षित बालिका ही सशक्त समाज की नींव रखती है शिविर में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया। इस अवसर पर शंभू सिंह, हाजी जियाउद्दीन, अजवद कासमी, शीतला प्रसाद मौर्य, शरद सिंह, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, विघाधर राय, सर्वेश यादव, डॉ. जीवन यादव, डीएलएड प्रभारी आर.पी. सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. प्रेमलता गिरी, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव, प्रवीण यादव,सुमित, हर्ष,राजन,संजना,प्रिया, आंचल,स्नेहा,श्रेय्या, खुशी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों ने युवाओं से समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# बीएसए ने परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव




जौनपुर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने शुक्रवार को विकास खण्ड जलालपुर एवं रामनगर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षणिक परिवेश के साथ–साथ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया गया। बीएसए द्वारा विकास खण्ड जलालपुर के प्राथमिक विद्यालय छतारी का निरीक्षण करते हुये विद्यालय की प्रार्थना सभा में प्रतिभाग किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के निर्धारित समय के पूर्व विद्यालय पर उपस्थित पाये जाने के क्रम में बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक की प्रशंसा की गयी। विद्यालय मे कार्यरत सहायक अध्यापक प्रभात कुमार पाण्डेय, बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये, जिसके कारन सम्बंधित शिक्षक का निरीक्षण तिथि का वेतन बीएसए द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया। शिक्षक आलोक कुमार यादव विद्यालय में पूर्वान्ह लगभग 09:15 बजे निरीक्षण के दौरान उपस्थित हुये, जिसके लिए बीएसए द्वारा स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। विद्यालय मे कई तरह की अनियमितताएं मिलीं, जिसके कारण सम्बंधित विद्यालय के प्रधनाध्यापक को एक सप्ताह में समस्त कमियों में सुधार कर साक्ष्य सहित अवगत कराये जानें हेतु निर्देशित किया गया। विकासखण्ड रामनगर के पी0एम0 श्री विद्यालय नेवादा प्रथम का निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र शैरूनिशा बिना किसी पूर्व सूचना के विद्यालय पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये, जिसके कारण सम्बंधित शिक्षिका का निरीक्षण तिथि का मानदेय बीएसए द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया। विद्यालय की मध्यान्ह भोजन पंजिका एवं छात्र उपस्थिति पंजिका में गम्भीर अनियमितता पाये जाने पर बीएसए द्वारा प्रभारी प्रधनाध्यापक सुशील कुमार दूबे का वेतन अग्रिम आदेश तक अदेय करते हुये स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा से हिंदी विषय के "उज्जवल" शब्द को ब्लैकबोर्ड पर लिखवाये जाने पर छात्रा द्वारा सही–सही लिखे जाने पर छात्रा को पुरष्कृत किया गया। प्राथमिक विद्यालाय सादुल्लापुर के निरीक्षण में विद्यालय का रसोईंघर एवं प्रांगण की साफ–सफाई कराये जाने हेतु बीएसए द्वारा सम्बंधित प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय चोरारी के निरीक्षण में विद्यालय को प्राप्त टैबलेट से आनलाईन मध्यान्ह भोजन के सम्बंध में सूचना अद्यतन न किये जाने, विद्यालय प्रांगण एवं कक्षा–कक्ष गन्दा, छात्र अधिगम अतिन्यून पाये जाने के साथ–साथ विद्यालय का भौतिक एवं शक्षणिक परिवेश शिक्षण अनुकूल न पाये जाने के कारण बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही एवं समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन अदेय करते हुये विद्यालय में प्राप्त समस्त कमियों को एक सप्ताह में पूर्ण कर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जानें हेतु निर्देशित किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय चोरारी के निरीक्षण के दौरान विद्यालय को प्राप्त टैबलेट से आनलाईन मध्यान्ह भोजन के सम्बंध में सूचना अद्यतन न किये जाने, छात्र उपस्थिति पंजिका में अनुपस्थित छात्रों का अंकन 25 फरवरी से न किये जाने, विद्यालय प्रांगण एवं कक्षा–कक्ष गन्दा, छात्र अधिगम अतिन्यून पाये जाने के साथ–साथ विद्यालय का भौतिक एवं शक्षणिक परिवेश शिक्षण अनुकूल न पाये जाने के कारण बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही एवं समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन अदेय करते हुये विद्यालय में प्राप्त समस्त कमियों को एक सप्ताह में पूर्ण कर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किये जानें हेतु निर्देशित किया गया।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर 28 फरवरी । डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025–26 में जनपद जौनपुर में 351 छात्रों ने सफलता हासिल की। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को प्रतिमाह रुपया 1000 की दर से 01 वर्ष में रुपया 12000 तथा 4 साल (नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक ) कुल 48000




रुपया प्राप्त होगा। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद के लिए राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति शुरू की गई थी। इसके लिए आठवीं में पढ़ने वाले जनपद जौनपुर से 4570 बच्चों ने आवेदन किए थे। दस नवंबर को प्रदेश स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में 4082 बच्चे शामिल हुए थे। जनपद के लिए कुल आवंटित छात्रवृत्ति 358 है। जिसमें कुल 351 छात्रों ने सफलता प्राप्त किया। अनुसूचित जनजाति के छात्र न होने के कारण 07 को छात्रवृत्ति नहीं मिल सकी। कंपोजिट स्कूल मयंदीपुर 6 छात्र, कंपोजिट स्कूल डीह अशरफाबाद 09 छात्र, उच्च प्राथमिक विद्यालय परसीन शाहगंज 06 छात्र ने सफलता प्राप्त किया। राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्र परीक्षा में समस्त सफल छात्रों उनके शिक्षकों को जनपद नोडल शिक्षक डॉ ओमप्रकाश गुप्त एवं दुष्यंत मिश्र ने हार्दिक बधाई प्रेषित किया है।

# राज्यपाल ने अविवि परिसर मे 501 आगनबाड़ी केंद्रों को वितरित किया संसाधन किट

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)




अयोध्या ।शुक्रवार को दूसरे दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राम लला का दर्शन पूजन कर अवध विश्वविद्यालय के सभागार में आंगनबाड़ी संसाधन किट का वितरण किया ।इस मौके पर जनपद के 501 आंगनबाड़ी केंद्रों को संसाधन किट मिला ।इस मौके पर अयोध्या धाम में आंगनबाड़ी केंद्र न होने पर राज्यपाल ने चिंता जताई ।इसकी जानकारी महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने दी। बताया किअयोध्या धाम में 75 आंगनबाड़ी केंद्रों की जरूरत है ।जिसपर राज्यपाल ने कहा कि मठ मंदिरों में बहुत जमीन खाली है ।वहां पर व्यवस्था करके आंगनबाड़ी केंद्र चलाये। इसके लिए वे सरकार से भी कहकर बजट में अयोध्या धाम में आंगनवाड़ी केंद्र खोलने के लिए प्रावधान करे ।बाल विकास पुष्टाहार के बजट को लेकर जिला प्रशासन की खिंचाई करते हुए कहा कि बजट आता है लेकिन समय से आंगनबाड़ी केंद्रों को नहीं उपलब्ध कराए जाते ।जबकि वित्तीय वर्ष के अंतिम महीने मार्च में बजट खर्च किया जाता है ।अब यह परंपरा बदलनी होगी ।राज्यपाल ने कहा कक्षा 5 तक के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ने की जरूरत नहीं है ।कक्षा 5 तक के बच्चों को पूरे भारत में अपनी मातृभाषा में ही पढ़ाया जाए। मातृभाषा से ही बच्चे सशक्त होते है ।राज्यपाल ने 20

ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाई ।जिससे अब रामनगरी मे महिलाएं शहर में ई रिक्शा चलाती हुई दिखाई देगी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के छोटे–छोटे बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति दिया ।इस मौके पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, सीडीओ के के सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय केशरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया भंडारे का शुभारम्भ

(डाक्टर अजय तिवारी जिला अयोध्या)

अयोध्या ।कानपुर मे बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव विकाश व भारतीय केसरिया वाहिनी महिला विभाग कानपुर प्रांत अध्यक्ष नीलम चौरसिया कानपुर पार्षद के द्वारा कानपुर के प्रसिद्ध आनंदेश्वर महादेव मंदिर के समीप ग्वाल टोला में विशाल फलाहार का भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।उन्होंने भोले नाथ शिव की आराधना के बाद फलाहार वितरण किया ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव हृदय कुमार, युवा विभाग के राष्ट्रीय सचिव अनिल सिंह ,वाहिनी के आई टी सेल इंचार्ज धनंजय प्रताप सिंह शामिल रहे ।भंडारे के भव्य आयोजन के लिए विकाश ,नीलम चौरसिया ,दीपगुप्ता , कमल कांत,पीयूष मिश्रा, दीपू पांडे बीजेप जिला अध्यक्ष कानपुर ( उत्तर) , शिव राम सिंह बीजेपी जिला अध्यक्ष कानपुर ( दक्षिण) सुरेन्द्र मैथानी जी विधायक गोविंद नगर विधान सभा, अनिल गुप्ता बीजेपी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कानपुर प्रांत, विनोद बाजपेई जिला अध्यक्ष चालक प्रकोष्ठ, वेलफेयर सोसाइटी, कपिल देव महासचिव चालक वेलफेयर, निर्मला सचान जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, राकेश श्रीवास्तव बीजेपी नेता कानपुर सत्येंद्र सिंह व अभिनव शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया ।इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच कानपुर प्रांत के महामंत्री सुनील श्रीवास्तव भी उपस्थिशुभा



# राज्यपाल ने विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का किया निरीक्षण

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या ।शुक्रवार को राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया ।विश्वविद्यालय के नवीन पर में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में प्रयोगशाला, नवीन परिसर, निर्माणाधीन इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी भवन, सरदार पटेल एकात्मता केंद्र भवन, मल्टीपर्पस लेक्चर हॉल परिसर (प्रथम तल), निर्माणाधीन कुलपति आवास, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त अधिकारी आवास एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया ।इस मौके पर उन्होंने समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का वातावरण विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होना चाहिए ।उन्होंने यह भी कहा कि परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए ।निरीक्षण के दौरान, राज्यपाल ने विभिन्न कक्षाओं का दौरा किया और विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं अनुभवों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को सीमित संसाधनों में भी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष और मेहनत ही सफलता की कुंजी है, और यदि छात्र कठिन परिश्रम एवं संकल्प के साथ अध्ययन करें तो वे अपने लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त कर सकते हैं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को गंभीरता से समझने का आह्वान किया और कहा कि आज का युवा ही भविष्य का नेतृत्वकर्ता है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को भी निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण से पहले कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया एवं विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं और शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। मौके पर कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सिंधू, मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, सहायक अभियन्ता आरके सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिव्यता के साथ मनाया गया महाशिवरात्रि महोत्सव



रिपोर्ट – जय प्रकाश तिवारी

चेंबूर,महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के चेंबूर मे श्री नागेश्वर महादेव मंदिर पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया. दो दिनों तक अनवरत चलने वाले अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ के उपरांत महायज्ञ हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. जहा पर श्रद्धालुओं ने सुबह से ही कतार में खड़े होकर जलाभिषेक कर अपनी मन्नतें मांगे. वहीं पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लिस्स जी. वी. एस. फार्मा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मालिक विशाल राव जी ने महाशिवरात्रि महोत्सव में पहुंचकर श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में माथा टेका और कहा कि हर भक्त के अंदर भगवान के दर्शन की अभिलाषा रहती है और बहुत ही अच्छा लगता है ऐसे दिव्य स्थलों पर जाना चाहिए मन को शांति मिलती है. इस अवसर पर भाजपा के पूर्व नगरसेविका राजश्री पलांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल ठाकूर, मंडल अध्यक्ष राहुल वाळूजं, उभाठा पूर्ब विधायक प्रकाश फातरपेकर, पूर्व नगरसेवक अनिल पाटणकर,शिवसेना शिंदे गुट के विभागप्रमुख अविनाश राणे,कांग्रेस के राजू नगराले,रा क पा के दीपक सावंत,समाज सेवक, उद्योग पति,एम सिद्धार्थ, शिवप्रकाश दूबे, दिनेश शुक्ला, अवधेश तिवारी सहित आरएसएस एव विश्व हिन्दू पारिषद एव मानस परिवार सेवा ट्रस्ट के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे. वहीं पर मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह महाशिवरात्रि का 28वा महोत्सव मनाया गया जबकि यह मन्दिर करीब 69 साल पुराना है जिसका जीर्णोद्धार किया गया.

# ट्रैजेक्टरी और रितेश अग्रवाल की साझेदारी से स्टार्टअप्स को मिलेगा नया बल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ।सभी के लिए आराम को सुलभ बनाने के उद्देश्य से, दिल्ली स्थित स्टार्टअप ट्रैजेक्टरी एर्गोनॉमिक कम्फर्ट प्रोडक्ट्स की दुनिया में नया बदलाव ला रहा है। इसे राघव महाजन और हिमांशु वर्मा ने शुरू किया था, जो पहले प्रोडक्ट डेवलपर रह चुके हैं। ट्रैजेक्टरी ने अपनी यात्रा एक साधारण स्लीपिंग बैग से शुरू की थी, और आज यह कंफर्ट सॉल्यूशंस का एक भरोसेमंद नाम बन चुका है। 'शार्क टैंक इंडिया 4' में ट्रैजेक्टरी की जोरदार एंट्री शो में आते ही ट्रैजेक्टरी के संस्थापकों ने 1 करोड़ रुपये की मांग रखी, जिसके बदले वे 2 प्रतिशत इक्विटी देने को तैयार थे। इस प्रस्ताव ने शार्क्स की दिलचस्पी बढ़ा दी। अनुपम मित्तल ने सवाल किया कि जब बाजार में ऐसे कई प्रोडक्ट्स पहले से मौजूद हैं, तो उन्हें शार्क टैंक में आने की जरूरत क्यों पड़ी? वहीं, नमिता थापर ने ब्रांड के यूनिक वैल्यू प्रपोजिशन को लेकर अपनी जिज्ञासा जाहिर की। इस पर राघव और हिमांशु ने समझाया कि ट्रैजेक्टरी सिर्फ एक प्रोडक्ट नहीं, बल्कि एक इनोवेटिव ब्रांड है जो ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से आरामदायक समाधान देता है। रितेश अग्रवाल के साथ बड़ी डील काफी मोलभाव के बाद, ट्रैजेक्टरी ने शार्क रितेश अग्रवाल के साथ एक शानदार डील फाइनल की। रितेश ने 3: इक्विटी के बदले 50 लाख रुपये निवेश किए और 8: ब्याज दर पर 50 लाख रुपये का लोन भी दिया। इस साझेदारी से बेहद उत्साहित राघव और हिमांशु ने कहा, "हम 'शार्क टैंक इंडिया 4' में रितेश अग्रवाल के साथ जुड़कर बेहद खुश हैं। यह हमारे लिए एक बेहतरीन अनुभव रहा, जिससे हमें अपने कम्फर्ट प्रोडक्ट्स को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य और आराम की अहमियत बताने का शानदार मौका मिला। शार्क रितेश की गहरी समझ और हमारे विजन को सपोर्ट करने की उनकी इच्छा से हमें ट्रैजेक्टरी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में बड़ी मदद मिलेगी और हमारे प्रोडक्ट्स को पूरे भारत में और ज्यादा सुलभ बनाया जा सकेगा। 'शार्क टैंक इंडिया 4', हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

# यूको बैंक में जी डी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला सम्पन्न



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। यूको बैंक अंचल कार्यालय लखनऊ द्वारा संकल्प राजभाषा कार्ययोजना 2024–25 के अंतर्गत नराकास लखनऊ के तत्वावधान में 'यूको बैंक जी डी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला किया गया। व्याख्यानमाला का विषय 'विकसित भारत / 2047' था। मुख्य अतिथि के रूप में श्री अरविंद मोहन, कला संकायाध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय ने विस्तार से इस विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। गणमान्य अतिथियों में प्रो०(डॉ०) अरविंद मोहन, कला संकायाध्यक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय एवं प्रो०(डॉ०) योगेन्द्र प्रताप, हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रो०(डॉ) अरविंद मोहन ने भारतीय अर्थवयवस्था के विकास के विभिन्न चरणों का वर्णन करते हुए विकसित भारत /2047 के लिए भारतीय अर्थव्यवसथा के लिए आवश्यक कारकों पर बात करते हुए ग्रामीण विकास और मानव संसाधन के विकास को आवश्यक बताया। उन्होंने बिना रोजगार सृजन के विकास पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को इस देश की जितनी आवश्यकता है उससे कहीं अधिक महिलाओं की आवश्यकता इस देश को है।

यूको बैंक लखनऊ अंचल के अंचल प्रमुख श्री आशुतोष सिंह ने विकसित भारत के लिए आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला एवे अन्य विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विशेषताओं को तुलनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रो०(डॉ०)योगेनद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर यूको बैंक की राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

यूको बैंक अंचल कार्यालय द्वारा इस अवसर पर 'यूको राजभाषा सम्मान" भी दिया गया। लखनऊ विश्व विद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग की परास्नातक हिंदी परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाली दो छात्राओं सुश्री मानसी श्रीवास्तव एवं सुश्री अंजली कुश्वाहा को 'यूको राजभाषा सम्मान' दिया गया। सम्मान स्वरूप 5000– का ड्राफ्ट और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

यूको बैंक द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में नराकास लखनऊ के सदस्य कार्यालयों एवं बैंकों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर अंचल कार्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में यूको बैंक की शाखाओं एवं अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ शिल्पी शुक्ला वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा द्वारा किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## दो दर्जन थानाध्यक्षों और इंस्पेक्टरों के कार्य क्षेत्र में हुआ बदलाव

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने देर रात करीब दो दर्जन थानाध्यक्षों और इंस्पेक्टरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में कई अहम बदलाव किए गए हैं। मनोज कुमार पांडेय को वीआईपी सेल से बदलापुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। गजानंद चौबे को बदलापुर से सिंगरामऊ भेजा गया है। अरविंद कुमार पांडेय को साइबर निरीक्षक सर्किल केराकत से महराजगंज का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। उदय प्रताप सिंह को एसओजी प्रभारी निरीक्षक डेल्टा से



सरपतहां का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। विनीत राय को एसओजी बिटा टीम से जलालपुर का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। घनानंद त्रिपाठी को जलालपुर से आईजीआरएस सेल का प्रभारी बनाया गया है। देवानंद रजक को साइबर निरीक्षक सर्किल बदलापुर से रामपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। मुन्ना राम को साइबर निरीक्षक सर्किल केराकत से खुटहन का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। तेज बहादुर सिंह को एएचटीयू से चंदवक का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा विक्रम लक्ष्मण को तेजीबाजार से सुजानगंज, दिव्य प्रकाश सिंह को खुटहन से तेजीबाजार, यजुवेंद्र कुमार सिंह को महराजगंज से बक्सा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह को सरपतहां से एसओजी (डेल्टा) में भेजा गया है।

## पांच केंद्रों पर जांची जाएंगी उत्तर पुस्तिकाएं

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं शहर के पांच केंद्रों पर जांची जाएंगी। मूल्यांकन कार्य में करीब ढाई हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगेगी। तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, राजकीय हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज निशातगंज, राजकीय बालिका विद्यालय गोमती नगर और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमीना को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। कोई लापरवाही न हो, इसके लिए सीसी कैमरे से निगरानी की जाएगी। एक शिक्षक को कितनी उत्तर पुस्तिका दी जाएगी, ये संख्या परीक्षा के बाद निर्धारित होगी। बता दें कि यूपी बोर्ड परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। ऐसे में होली के बाद ही मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

## परीक्षाएं कल से, प्रवेश पत्र जारी

लखनऊ, (संवाददाता)। एकेटीयू की विषम सेमेस्टर के यूजी–पीजी पाठ्यक्रमों की नियमित व कैरी ओवर विषयों की दूसरे चरण की परीक्षाएं 28 फरवरी से 22 मार्च तक होंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी अपने ईआरपी लॉगिन से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं, कॉलेजों के लिए वेरीफिकेशन कार्ड व परीक्षार्थियों की सूची भी उपलब्ध करा दी गई है।

# आजाद का राष्ट्र के प्रति समर्पण लोगों को देता रहेगा प्रेरणा- डा.आर.ए.वर्मा

ब्यूरो सुलतान पुर

सुलतानपुर। ।गुरुवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।शहर के बस स्टेशन स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में भाजपा जिलाध्यक्ष डा.आर.ए. वर्मा की अगुवाई में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की 94 वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए. वर्मा ने महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को नमन करते हुए कहा चंद्रशेखर आजाद स्वतंत्रता आन्दोलन के वो क्रांतिकारी थे जिसने कहा था 'आजाद हूं आजाद रहूंगा' ।राष्ट्र के प्रति उनका असीम समर्पण आने वाली पीढ़ियों को युगों–युगों तक प्रेरणा देता रहेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी ने कहा उन्होंने अपने अदम्य साहस, वीरता और राष्ट्र भक्ति से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी. निवर्तमान




जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू व भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने महान क्रांतिकारी शहीद चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा उनके बलिदान ने स्वाधीनता आंदोलन को एक नई ऊर्जा प्रदान की ।उनके साहसिक संघर्ष की अमर गाथा स्वाधीनता इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी का आभार प्रकट किया ।श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी,सहकारी बैंक डायरेक्टर अजय सिंह लीडर,जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल,आलोक आर्या, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन राव कोरी,इन्द्रदेव मिश्रा, देवेन्द्र प्रताप सिंह,जंग बहादुर सिंह,रेनू सिंह,रवि श्रीवास्तव

डॉ राम चरित पाण्डे, सौरभ पाण्डेय, सभासद अरुण तिवारी,राजीव सिंह, मोहित साहू,प्रदीप मिश्रा,अनुज श्रीवास्तव,सतनाम सिंह,प्रदीप बरनवाल, अनुज प्रताप सिंह, सचिन शुक्ला, शंकर दयाल अग्रहरि, मोहित साहू,अंकित अग्रहरि, रामदेव अग्रहरि, शिवमूर्ति पाण्डेय,अजय विक्रम सिंह,पूर्व सभासद अरुण कुमार,राम अवध जायसवाल, शिवराम सोनकर आदि प्रमुख रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## दिनदहाड़े हौसला बुलंद बदमाशों ने घर में घुसकर कर महिला के गले से चेन छीन कर फरार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर लाइन बाजार थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक बड़ी वारदात हुई। न्यू कॉलोनी मुरादगंज सिटी स्टेशन के पास सैदनपुर नईगंज कबीरपुर मठ के निकट तीन नकाबपोश बदमाश बाइक पर आए बदमाशों ने मीरा श्रीवास्तव के घर में घुसकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली। घटना के समय मीरा अपने मकान के गेट के अंदर खड़ी थीं। चेन छीनकर भागते समय पीड़िता के पति रमेश चंद्र श्रीवास्तव और पड़ोसी विजय कुमार चौरसिया ने बदमाशों का पीछा किया। इस पर बदमाशों ने फायरिंग करते हुए फरार हो गए। बदमाशों की फायरिंग में विजय चौरसिया के पेट में गोली लगी है बदमाशो के आने जाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही एसपी सिटी अरविंद वर्मा मौके पर पहुंचे। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। मौके से घायल का इलाज कराकर पुलिस पूछताछ में जुटी है। इस मामले में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकार शहर देवेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज में अज्ञात बाइक सवार बदमाशो में चेन लूटने की घटना की जानकारी मिली है मौके पर पहुंच कर हमने ने घटना की जानकारी किया है । अपराधियों को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी गई है। सुसंगतधराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में तीन लोग दिख रहे है इसकी जांच की कर रही ह।


## क्वांटम इंपैक्ट–2025 : कला और शिक्षा का एक उत्सवपूर्ण मिलन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ।स्कूल लीडर्स के लिए आयोजित एक विशेष आर्ट एक्सपो और वर्कशॉप, क्वांटम इम्पैक्ट 2025 में लखनऊ शहर में कला, नवाचार और नेतृत्व का एक असाधारण संगम देखा गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम फीनिक्स पलासियो के सहयोग से फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी द्वारा लखनऊ समकालीन भारतीय कला मेले के साथ प्रस्तुत किया गया और शिक्षा में कला के एकीकरण पर सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ आयोजित किया गया । इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कांति सिंह, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस के जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह, मीना टांगड़ी, डॉ. रूपाली पटेल, भारती गोसाईं, अनीता चौधरी, रिचा खन्ना, डॉ रितु सिंह सहित करीब 70 प्रधानाचार्यों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कला व्यवसाय से जुड़े समर्थ नारायण ने उद्यमियों के रूप में कलाकारों की भूमिका पर चर्चा की, उन्हें अपने ब्रांड के निर्माण में सक्रिय कदम उठाने और अपने काम में व्यावसायिक क्षमता को पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया। कला और मनोविज्ञान के अंतर्संबंध पर शिवानी धामा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से वक्ता के रूप में कला और मनोविज्ञान के बीच जटिल संबंधों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी की संस्थापक और निदेशक नेहा सिंह थीं, जिन्होंने विभिन्न भारतीय राज्यों से प्राप्त कलाकृतियों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। तैयार किए गए कला संग्रह में पारंपरिक से लेकर समकालीन शैलियों तक की विविध प्रकार की अभिव्यक्तियाँ प्रदर्शित की गईं, जिससे मेहमानों को क्यूरेटर भूपेन्द्र अस्थाना और राजेश कुमार द्वारा अच्छी तरह से तैयार की गई कला की परिवर्तनकारी शक्ति को देखने का एक अनूठा अवसर मिला। वक्ताओं ने अपनी गहरी अंतर्दृष्टि से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया कि कैसे कला और शिक्षा छात्रों के बीच महत्वपूर्ण सोच, नवाचार और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं।



# सीएम ने कहा 45 दिनों में 66 करोड़ 21 लाख ने किया स्नान, देश–विदेश के लोगों का किया धन्यवाद



लखनऊ, (संवाददाता)। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का श्महायज्ञश, आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ–2025, प्रयागराज आज महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ–2025, प्रयागराज में आज 26 फरवरी, महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है–अविस्मरणीय है। पूज्य अखाड़ों, साधु–संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश–विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार। महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद। विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया। माँ गंगा, भगवान बेनी माधव आप सबका कल्याण करें। महाकुंभ की सकुशल समाप्ति पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि यह बिना किसी बड़ी त्रासदी के संपन्न हुआ। महाकुंभ ने कई कीर्तिमान बनाए हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। बता दें कि महाकुंभ की समाप्ति पर बृहस्पतिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रयागराज में बड़ा खाना का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें मुख्य सचिव, डीजीपी समेत पुलिस के करीब 5 हजार से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी हिस्सा लेंगे। डीजीपी ने अंतिम स्नान के सकुशल संपन्न होने पर जारी अपने बयान में कहा कि आज महाकुंभ का आखिरी दिन है। बीते 45 दिनों के महाकुंभ में 65 करोड़ से अधिक भक्तों ने प्रयागराज में पवित्र स्नान किया। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हमने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और तकनीकों का एक अभूतपूर्व मॉडल पेश किया है। हमने भीड़ प्रबंधन और निगरानी के लिए विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया। सभी एजेंसियों के सहयोग से हमें मदद मिली। अयोध्या, वाराणसी और विंध्यवासिनी देवी जैसे धार्मिक स्थानों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई, जो प्रयागराज जाने के बाद वहां गए थे। हमने रेलवे के साथ मिलकर काम किया। यह हमारे लिए एक चुनौती नहीं ,बल्कि एक अवसर है।

हमारे कर्मियों ने 45 दिनों तक जमीन पर काम किया और उससे पहले दो महीने तक प्रशिक्षण लिया।

# प्रदेश में दो से दस गाय तक पालने के लिए मिलेगा 10 लाख का लोन



लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में किसानों और पशुपालकों को समृद्ध करने के लिए यूको बैंक की ओर से अमृतधारा योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत किसानों व पशुपालकों को दो से 10 गाय पालने के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। तीन लाख तक का ऋण बिना किसी गारंटी के दिया जाएगा। किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान की सुविधा होगी और दो लाख तक का बीमा कवर भी दिया जाएगा। यह जानकारी गो सेवा आयोग में अमृतधारा योजना पर हुई बैठक में दी गई। आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गोवंश संरक्षण, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। यह योजना केंद्र सरकार की एनीमल हसबैंड्री इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलमपेंट फंड योजना की तर्ज पर तैयार की गई है, जिसे सभी बैंकों ने अपनाया है। छोटे किसानों और गोपालकों को अप्रत्यक्ष लाभ योजना के तहत बड़े चिलिंग सेंटर और दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के लिए भी ऋण दिया जाएगा। इससे छोटे किसानों और गोपालकों को अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अध्यक्ष योजना को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि योजना के तहत किसानों को कैटल शेड और बायोगैस प्लांट की स्थापना के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि गोबर और गोमूत्र का प्रयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सके। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों और एफपीओ को अमृतधारा योजना से जोड़ा जाए ताकि महिलाएं ऑर्गेनिक दूध, दही, घी, सब्जी और अन्य जैविक उत्पादों का व्यापार कर सकें। बैठक में पद्मश्री डॉ. भारत भूषण त्यागी ने सुझाव दिया कि प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ऑर्गेनिक प्रसाद वितरण की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों के जैविक उत्पादों को बाजार मिले। बैठक में पूर्व सलाहकार जैविक ऊर्जा व कृषि विभाग पीएस ओझा व यूको बैंक के जोनल मैनेजर आशुतोष सिंह आदि उपस्थित थे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।